- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 784/24 के शातिर अभियुक्त फैजान को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 मोटरसाइकिल, 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा व 03 खोखा कारतूस बरामद।**

दिनांक 25.12.2024 को वादी खालिद अनवर पुत्र अनवर हुसैन निवासी कश्मीरी गेट गली नं0 5 थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद ने थाना रामगढ़ पर अभियुक्त 1. फैजान पुत्र इकबाल 2. फराज पुत्र इकबाल निवासीगण बगिया मौहल्ला थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद 3. आठ-दस अज्ञात लोग द्वारा अवैध असलाह से लैस होकर वादी के घर में घुसकर माँ बहिन की गाली गलौज करना व घर का सारा सामान फैक देना व जान से मारने की धमकी देना उसके बाद जान से मारने की नियत से वादी के ऊपर दो फायर करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार मु0अ0सं0-784/24 धारा 191(2),191(3),190,333,352,324(2),351(3),109 बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 784/2024 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 31-12/01-01 की रात्रि में गठित पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मु0अ0सं0 784/24 के वांछित अभियुक्त फैजान कही भागने की फिराक में है। सूचना का संज्ञान लेकर पुलिस टीम द्वारा फैक्ट्री ऐरिया से लिंक रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। उक्त मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोडकर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देख संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत फायरिंग कर दी , पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की पहचान फैजान पुत्र इकबाल के रुप में हुई है। जोकि थाना रामगढ़ के मु0अ0सं0 784/24 में वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर, एक तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस, 03 खोखा कारतूस बरामद किये गये है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराय गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.फैजान पुत्र इकबाल निवासी बगिया मौहल्ला थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त फैजान -

1. मु0अ0स0 283/24 धारा 174 ए भादवि थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 678/22 धारा 363/366/384/420/467/468/471/504/506 भादवि थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 784/24 धारा 191(2)/191(3)/190/333/352/324(2)/351(3)/109 बीएनएस थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी –

1. 01 मोटरसाइकिल
2. 01 तमंचा 315 बोर
3. 02 जिंदा कारतूस
4. 03 खोखा कारतूस ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 राजकुमार सिंह थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 विवेक कुमार शर्मा थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 अजय कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 सुभम सागर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 306 राजकुमार सोलंकी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
8. है0का0 343 योगेश कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 1556 रवि मलिक थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 301 सुशील कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 720 चन्द्रशेखर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।